Title: Need to shift the Regional Office of Telecom Circle From Khamgaon to Bulldhana, Maharashtra-Laid.

श्री आनन्दराव विठोबा अडसुल (बुलढाणा): मेरा संसदीय चुनाव क्षेत्र "बुलढाणा" जहां तक विस्तरित है, उस क्षेत्र के लिए एक भी टेलीकॉम का क्षेत्रीय कार्यालय (टेलीकॉम सर्कल) नहीं है। वर्तमान स्थिति में जो टेलीकॉम सर्किल खामगांव में मौजूद हैं वह मेरे चुनाव क्षेत्र की परिसीमा से बाहर हैं। जिला कार्यालय तथा अन्य सरकारी कार्यालय बुलढाणा में, जो कि जिला मुख्यालय (डिस्ट्रिक प्लेस) है वहां मौजूद हैं। सिर्फ टेलीकॉम का कार्यालय वहां नहीं है। जिला कलेक्टरों द्वारा जब कोई पाक्षिक/मासिक बैठक बुलायी जाती है, तब टेलीकॉम अधिकारियों को खामगांव से आने के लिए वाहन तथा अन्य खर्चे के लिए साल भर में कम से कम बीस-पच्चीस लाख की राशि खर्च होती है।

लोगों को भी उनके टेलीफोन के बारे में छोटे से काम के लिए खामगांव जाना, वहां जगह पर अधिकारी का न मिलना, एक ही काम के लिए दो-चार चक्कर लगाने पड़ते हैं और वह बहुत ही खर्चीला है।

अतः सरकार से मैं विनती करता हूं कि बुलढाणा जिले का जो टेलीकॉम कार्यालय खामगांव में है, वह तुरंत बुलढाणा शहर में स्थानांतरित किया जाये।